# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः– पी०ए० / 3394
दिनांक : 04.02.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / सचिव
समस्त बी०ए०एम०एस० पाठ्यक्रम महाविद्यालय / संस्थान,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के कार्यालय पत्रांकः–पी०ए० / 3349 दिनांक 23.01.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आपसे अपेक्षा की गयी थी कि आप अपने–अपने महाविद्यालय / संस्थान के बी०ए०एम०एस० पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र / छात्राओं जो कि घोषित परिणाम से सन्तुष्ट नही है। उनको विश्वविद्यालय में चुनौती मूल्यांकन कराये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें। लेकिन आपके महाविद्यालय / संस्थान के उपरोक्त पाठ्यक्रम के छात्र / छात्रायें दिन–प्रतिदिन विश्वविद्यालय मे आकर धरना प्रदर्शन कर रहे है तथा राजकीय एवं शासकीय कार्यो में व्यवधान उत्पन्न करते हुये अनावश्यक रूप से विश्वविद्यालय की छवि धूमिल कर रहें है। जिस पर मा० कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

उक्त के क्रम में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय / संस्थान के बी०ए०एम०एस० के ऐसे छात्र / छात्राओ को जो कि घोषित परीक्षा परिणाम से सन्तुष्ट नही है, उनको विश्वविद्यालय बेवसाइट पर दिये गये लिंक पर चुनौती मूल्यान कराये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करते हुये यह भी सुनिश्चित करें कि आपके महाविद्यालय / संस्थान के छात्र / छात्रायें अनावश्यक रूप से विश्वविद्यालय परिसर में आकर राजकीय एवं शासकीय कार्यो में व्यवधान उत्पन्न न करें। विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र अति शीघ्र ऐसे छात्र / छात्राओं का चुनौती मूल्यांकन परिणाम घोषित करते हुये आपको अवगत करा दिया जायेगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित चुनौती मूल्यांकन के नियमानुसार इनके शुल्क वापसी हेतु कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

04-02-2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. प्रभारी, बेबसाइट
04. प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव